B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

# PRE MID TERM EXAMINATION (2026-27)

## HINDI (085) SET – 2

Class: VII — Duration: 1.00 Hrs
Date: 25.07.2026 — Max. Marks: 25
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

**प्रश्नपत्रस्वरूप-** भाग 'क' : पठित गद्यांश — 5 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 10 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 10 अङ्क

---

## खंड क (पठित बोध )

**प्रश्न.1 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-** **[5]**

विराट कोहली का जन्म भारत की राजधानी दिल्ली में 5 नवंबर, 1988 को हुआ। उनके पिता प्रेम कोहली एक वकील ध। विराट ने बचपन में गली-मोहल्ले के क्रिकेट से शुरुआत की। बाद में, पश्चिमी दिल्ली क्रिकेट अकादमी में चयन हो जाने के बाद उन्होंने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों (एन०सी०आर०) की अकादमियों में खेलकर अच्छा प्रदर्शन किया।

विराट कोहली ने क्रिकेट में अपनी शुरुआत 2002 में की थी। उनको पहली बार दिल्ली की अंडर-15 टीम में शामिल किया गया था। अंडर-17 की दिल्ली क्रिकेट टीम में शामिल होने के बाद उन्होंने विजय मर्चेट ट्रॉफी प्रतियोगिता में 450 से ज्यादा रन बनाए। एक मैच में तो वे 251 रन बनाकर नाबाद थे |

**(i)** विराट कोहली का जन्म कब हुआ था?

**(a)** 5 नवंबर, 1988 **(b)** 15 अगस्त, 1988
**(c)** 5 दिसंबर, 1989 **(d)** 26 जनवरी, 1988

**(ii)** विराट कोहली के पिता का नाम क्या था?

**(a)** राज कोहली **(b)** प्रेम कोहली
**(c)** सुरेश कोहली **(d)** अनिल कोहली

**(iii)** विराट कोहली ने क्रिकेट की शुरुआत कहाँ से की?

**(a)** स्कूल क्रिकेट से **(b)** राष्ट्रीय टीम से
**(c)** गली-मोहल्ले के क्रिकेट से **(d)** विदेशी अकादमी से

**(iv**) विराट कोहली पहली बार किस टीम में शामिल हुए थे?

**(a)** भारत की टीम में　　　　**(b)** दिल्ली की अंडर-15 टीम में

**(c)** दिल्ली की अंडर-19 टीम में　　　　**(d)** पंजाब की टीम में

**(v)** विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्रतियोगिता में विराट कोहली ने कितने से ज्यादा रन बनाए थे?

**(a)** 100 रन　　　　**(b)** 250 रन

**(c)** 450 रन　　　　**(d)** 500 रन

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न.2 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-　　(any three)　　[3]**

**(i)** लिंग के कितने भेद होते हैं**?**

**(ii)** राजा और पुत्र शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।

**(iii)** लड़की और पुस्तक शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए।

**(iv)** बच्चे मैदान में खेल रहा है। **(**सही वचन का प्रयोग कीजिए।**)**

**प्रश्न.3 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-　　[2]**

**(i)** जो ईश्वर में भरोसा रखता है**,** उसके लिए एक शब्द लिखिए।

**(ii)** जो पढ़ना**-**लिखना न जानता हो**,** उसके लिए एक शब्द लिखिए।

**प्रश्न.4 विलोम और पर्यायवाची पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-　　[3**]

**(i)** दिन का विलोम लिखिए।

**(ii)** सुख का विलोम लिखिए।

**(iii)** सूर्य और जल के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**प्रश्न.5 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (any two)　　[2]**

**(i)** 'अनुशासन' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए।

**(ii)** 'बेईमान' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए।

**(iii)** मीठा **+** आस को मिलाकर नया शब्द बनाइए।

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

**प्रश्न.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-　　[4]**

**(i)** दरबारी कवि ने चौथे दिन महाराज को क्या लिख भेजा **?**

**(ii)** विराट कोहली को प्यार से सब किस नाम से बुलाते है और क्यों **?**

**प्रश्न.7 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए** :　　**[6]**

**(i)** महाराज ने सच्चा कवि किसे माना **?** महाराज स्वभाव की दो विशेषताएँ बताइए **|**

**(ii)** विराट कोहली के जीवन से आपने क्या सीखा **?**

=========================समाप्त=========================